भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

भूमि संसाधन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1203
दिनांक 30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ

डीआईएलआरएमपी के अंतर्गत विकास

1203. **श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः**
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेलः
श्री विजय कुमार दूबेः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर राज्यों में डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के अंतर्गत किए गए विकास का ब्यौरा क्या है; और

(ख) पूर्वोत्तर राज्यों और स्वायत्त पर्वतीय जिला परिषदों (एडीसी) की अन्य पहलों से संबंधित प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)

(क) और (ख) भूमि संसाधन विभाग द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन दिनांक 01.04.2016 से शत प्रतिशत वित्तपोषण के साथ एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को पांच वर्षो की अवधि अर्थात वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक बढ़ाया गया है। भूमि संसाधन विभाग ने डीआईएलआरएमपी के तहत बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी), असम: और गारो, ख़ासी तथा जयंतिया स्वायत्त पर्वतीय जिला परिषदों, मेघालय सहित सभी पूर्वोत्तर राज्यों को निधियां जारी की हैं। डीआईएलआरएमपी के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में की गई भौतिक प्रगति का ब्यौरा **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1203 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पूर्वोत्तर राज्यों में डीआईएलआरएमपी के विभिन्न घटकों/कार्यकलापों की प्रगति

क्र. सं.	राज्य	घटक											
		भूमि अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण						रजिस्ट्रीकरण का कंप्यूटरीकरण			एमआरआर		
		अधिकारों के अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण (ग्रामों की सं.)		भूकर मानचित्रों / एफ़एमबी / टिप्पनों का डिजिटीकरण		अधिकारों के अभिलेखों के साथ एकीकृत किए गए भूकर मानचित्र/एफ़एमबी (ग्रामों की सं.)		कंप्यूटरीकृत उप रजिस्ट्रार कार्यालय (एसआरओ)		राजस्व कार्यालयों के साथ एसआरओ का एकीकरण	आधुनिक अभिलेख कक्षों की स्थापना		
		कुल	पूरे किए गए	कुल	पूरे किए गए	कुल	पूरे किए गए	कुल	पूरे किए गए	कुल	पूरे किए गए	कुल	पूरे किए गए
1	अरुणाचल प्रदेश	5,591	0	0	0	5,591	0	18	0	18	0	199	0
2	असम	23,273	19909	23,409	20071	23,273	13603	78	78	78	70	181	76
3	मणिपुर	2,715	423	377	372	2,715	1	40	16	40	0	87	5
4	मेघालय	6,750	0	0	0	6,750	0	11	1	11	0	46	0
5	मिजोरम	911	495	3,56,587	320810	911	640	23	18	23	18	28	15
6	नागालैंड	1,600	512	1,008	1008	1,600	514	121	0	121	0	121	0
7	सिक्किम	421	413	5,423	5421	421	1	19	19	19	19	78	27
8	त्रिपुरा	897	897	5,341	5341	897	897	23	23	23	23	46	45
कुल		**42,158**	**22,649**	**3,92,145**	**3,53,023**	**42,158**	**15,656**	**333**	**155**	**333**	**130**	**786**	**168**

(स्रोत: डीआईएलआरएमपी-एमआईएस-dilrmp.gov.in)